| प्रश्न–पुस्तिका संख्या | प्रश्न–पुस्तिका में 32 पृष्ठ हैं | PAPER-13 प्रश्न–पुस्तिका | प्रश्न–पुस्तिका सीरीज़ |
|---|---|---|---|
| | | | **A** |

जब तक आपको कहा न जाए तब तक आप प्रश्न–पुस्तिका को नहीं खोलें।

| समय : दो घण्टे | **अनुदेश** | पूर्णांक : 150 |
|---|---|---|

रोल नम्बर

1. कृपया अपने रोल नम्बर ओ.एम.आर. पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
2. प्रश्न–पुस्तिका हल करने से पूर्व परीक्षा प्रारम्भ होते ही प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. की भलीभाँति जाँच कर यह सुनिश्चित कर लें कि :
   - प्रश्न–पुस्तिका संख्या एवं **OMR Answer Sheet No.** एक समान हैं।
   - प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. की सीरीज समान हैं।
   - प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. के सभी पृष्ठ सही छपे हुए हैं। प्रश्न–पुस्तिका में प्रश्न संख्या 1 से प्रश्न संख्या 150 तक सभी प्रश्न क्रमवार मुद्रित हैं एवं सभी पृष्ठ क्रमवार मौजूद हैं।
3. किसी भी प्रकार की विसंगति होने या दोषपूर्ण होने पर प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. का दूसरा लिफाफा अभिजागर से प्राप्त कर लें। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट पश्चात् ऐसी स्थिति में किसी दावे/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उसमें समस्त जिम्मेदारी परीक्षार्थी की होगी।
4. इस प्रश्न–पुस्तिका में कुल 150 प्रश्न हैं।
5. यह एक वस्तुनिष्ठ परीक्षा है, जिसमें प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए चार विकल्प दिये गये हैं। आपको इन चार विकल्पों में से सही उत्तर वाले एक ही विकल्प को चुनना है। यदि आपको लगता है कि एक से अधिक उत्तर सही हैं तो आप उस उत्तर का चयन करें जो आपको सर्वाधिक सही लगे।
6. सभी प्रश्नों के उत्तर अलग से दिये गये ओ.एम.आर. पर ही अंकित करने हैं।
7. ओ.एम.आर. को भरने हेतु निर्देश ओ.एम.आर. के पृष्ठ भाग पर अंकित हैं, जिन्हें ओ.एम.आर. को भरने से पूर्व ध्यान से पढ़ लें।
8. इस प्रश्न–पुस्तिका में रफ–कार्य के लिए खाली पृष्ठ उपलब्ध हैं।
9. परीक्षा समाप्त होने से पूर्व परीक्षार्थी कक्ष से बाहर नहीं जा सकते हैं।
10. परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् परीक्षार्थी प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. की **ORIGINAL COPY** एवं **DEPARTMENT COPY** को अभिजागर के पास जमा कराकर उनकी अनुमति से ही परीक्षा कक्ष छोड़ें।
11. परीक्षा समाप्त होने पर केवल ओ.एम.आर. (**OMR**) की **CANDIDATE'S COPY** को अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
12. प्रश्नों के लिए अंक मूल्यांकन व्यवस्था :
    - (i) प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1 अंक दिया जाएगा एवं प्रत्येक गलत उत्तर के लिए ¼ अंक काटा जायेगा।
    - (ii) यदि परीक्षार्थी किसी प्रश्न का एक से अधिक उत्तर देता है, तो उसे गलत मानते हुए ऐसे प्रत्येक उत्तर के लिए ¼ अंक काटा जायेगा।
    - (iii) यदि परीक्षार्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उसका कोई भी उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए कोई अंक नहीं काटा जायेगा।

**चेतावनी** – अगर कोई परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़ा जाता है या उसके पास कोई अनाधिकृत सामग्री पाई जाती है तो उस परीक्षार्थी अभ्यर्थी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही विभाग उसे अपनी समस्त परीक्षाओं से वर्जित कर सकता है।

यह सुनिश्चित कर लें कि आपको दी गई प्रश्न–पुस्तिका सीलबंद है।

परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) ........................................

अनुक्रमांक — अंकों में ........................................

शब्दों में ........................................

परीक्षा केन्द्र का नाम : ........................................

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : ........................................ अभिजागर के हस्ताक्षर : ........................................

GRAWAL
MCART BL

Q1 उस विकल्प को चुनें जो तीसरी संख्या से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरी संख्या पहली संख्या से संबंधित है।

2 : 24 :: 5 : ?

(A) 302

(B) 102

(C) 201

(D) 210

Q2 उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे अक्षर-समूह से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा अक्षर-समूह पहले अक्षर-समूह से संबंधित है।

BTRDE : CEFSU :: RSVYT : ?


(A) SVTWA


(B) SUTWZ


(C) STUWZ


(D) STVWZ


Q3 उस विकल्प का चयन करें जो तीसरी आकृति से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरी आकृति पहली आकृति से संबंधित है।



(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

Q4 निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा विकल्प अन्य विकल्पों से संबंधित नहीं है?

(A) निर्धारण (Assessment)

(B) परीक्षण (Examination)

(C) अन्वेषण (Investigation)

(D) निदान (Diagnosis)

Q5 एक कूट भाषा में, JUDGEMENT को UTNMJGEED लिखा जाता है। उसी भाषा में PUNISHMENT को क्या लिखा जाएगा?

(A) UTSPMNNIHE

(B) UTSPNNMJHE

(C) UTSPNNMIHE

(D) UVSPNNMIHE

Q6 यदि एक कूट भाषा में, GAME का कोड 104 है और PLAY का कोड 216 है, तो आप उसी भाषा में WIN को कैसे लिखेंगे?

(A) 118

(B) 128

(C) 132

(D) 138

Q7 एक व्यक्ति का अपने मित्र से परिचय कराते हुए, अमीना कहती है, "उसके पिता मेरे पिता के इकलौते पुत्र हैं"। अमीना उस व्यक्ति से किस प्रकार संबंधित है?

(A) बुआ

(B) माँ

(C) बहन

(D) भतीजी

Q8 पाँच सदस्यों के एक परिवार में, L, O का पुत्र है। K की बहन O, M से विवाहित है जो E के पिता है। दिए गए विकल्पों में से कौन सा कथन सही है?

(A) E, O की पुत्री है।

(B) M, K का जीजा है।

(C) E, L की बहन है।

(D) O के दो पुत्र हैं।

Q9 यदि एक दिशादर्शक खंभे (फलक) को इस प्रकार घुमाया जाता है कि उसका उत्तर-पूर्व लिखित फलक, उत्तर-पश्चिम को इंगित करता है और दक्षिण-पूर्व लिखित फलक उत्तर-पूर्व को इंगित करता है और इसी भाँति अन्य दिशाएँ इंगित होती हैं, तो इसके पूर्व लिखित फलक की दिशा क्या होगी?

(A) उत्तर

(B) पश्चिम

(C) दक्षिण

(D) दक्षिण-पश्चिम

Q10 उत्कर्ष अपने घर से चलना शुरू करता है और अपने मित्र के घर पहुँचता है जो पूर्व दिशा में 90 m की दूरी पर है। अपने मित्र से मिलने के बाद वह दाएँ मुड़ता है और 40 m चलता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 90 m चलता है, अंत में वह अपने बाएँ मुड़ता है और 30 m चलता है। अपने घर से अब वह कितनी दूर और किस दिशा में है?

(A) 70 m, उत्तर

(B) 10 m, उत्तर

(C) 10 m, दक्षिण

(D) 70 m, दक्षिण

Q11 एक बैडमिंटन टूर्नामेंट के लिए :

I. खिलाड़ी को कम से कम एक जिला स्तरीय टूर्नामेंट जीता हुआ होना चाहिए।

II. खिलाड़ी को राज्य बैडमिंटन सोसायटी का सदस्य होना चाहिए।

III. 1 जनवरी, 2021 को अभ्यर्थी की आयु कम से कम 14 वर्ष होनी चाहिए।

हालाँकि, यदि कोई अभ्यर्थी उपरोक्त सभी शर्तों को पूरा करता है, सिवाय :

a) शर्त (II) के, लेकिन सदस्यता लेने को तैयार है, तो उसे एक पूर्व-टूर्नामेंट परीक्षण खेलने की अनुमति दी जा सकती है।

b) शर्त (III) के, लेकिन एक राज्य स्तरीय जूनियर बैडमिंटन चैंपियन है, तो उसके मामले पर टूर्नामेंट समिति द्वारा प्रत्येक विशेष स्थिति के तथ्यों के आधार पर विचार किया जा सकता है।

मान लीजिए निम्नलिखित खिलाड़ी का मामला है और उस पर निर्णय लें :

दो साल पहले मुकुल ने 13 वर्ष की आयु में राज्य बैडमिंटन चैंपियनशिप जीती थी। वह 6 वर्ष की आयु से राज्य बैडमिंटन सोसायटी का सदस्य हैं।

(A) मुकुल को टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति मिलेगी।

(B) मुकुल को टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति नहीं मिलेगी।

(C) मुकुल का मामला टूर्नामेंट समिति के पास भेजा जाएगा।

(D) निर्णय लेने के लिए जानकारी अपर्याप्त है।

Q12 एक कॉलेज में एक प्राणीशास्त्र व्याख्याता के रूप में भर्ती होने के लिए आवेदक में निम्नलिखित योग्यताएँ होनी चाहिए।

1. न्यूनतम 60% अंकों के साथ प्राणीशास्त्र में स्नातकोत्तर हो।
2. 35 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए।
3. राष्ट्रीय स्तर की पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की हो।
4. अध्यापन में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव हो।

यदि कोई अभ्यर्थी उपरोक्त सभी मानदंडों को पूरा करता है, सिवाय :

a) (3) के, लेकिन राज्य स्तरीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की हो, तो उसे साक्षात्कार के लिए अस्थायी रूप से अनुमति दी जा सकती है।

b) (4) के, तो उसे 3 वर्ष के लिए संविदात्मक पद पर रखा जा सकता है।

मान लीजिए निम्नलिखित अभ्यर्थी का मामला है और निर्णय लें :

मेघना 27 वर्ष की है, वह 70% अंकों के साथ B.Sc. स्नातक है और M.Sc. प्राणीशास्त्र विशेष योग्यता के साथ उत्तीर्ण है। उसके पास एक प्रतिष्ठित कॉलेज में अध्यापक के रूप में 5 वर्ष का अनुभव है।

(A) मेघना का चयन कर लिया जाएगा

(B) मेघना का चयन नहीं किया जाएगा

(C) मेघना को साक्षात्कार के लिए अनंतिम रूप से अनुमति दी जाएगी

(D) निर्णय लेने के लिए जानकारी अपर्याप्त है।

Q13 ट्रॉमा सेंटर में सुपर स्पेशियलिटी पद के लिए, आवेदक में निम्नलिखित योग्यताएँ होनी चाहिए।

a) न्यूनतम 50% अंकों के साथ MBBS और न्यूनतम 70% अंकों के साथ MD/ MS हो।

b) जिला स्तरीय अस्पताल में न्यूनतम 5 वर्ष का कार्य अनुभव हो।

c) 1 जुलाई, 2020 को 40 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए।

हालांकि, यदि आवेदक उपरोक्त सभी मानदंड पूरा करता है, सिवाय :

(i) a) के, लेकिन स्नातक में 70% अंक और MD में 50% प्राप्त किया हुआ हो, साथ ही 5 वर्ष का कार्य अनुभव हो, तो उसके मामले को चयन बोर्ड के पास भेजा जा सकता है।

(ii) (b) के, और उसके पास केवल 3 वर्ष का अनुभव हो, तो उसे शेष वर्षों के अनुभव की प्राप्ति के लिए परिवीक्षा (प्रोबेशन) पर रखा जा सकता है।

मान लीजिए निम्नलिखित अभ्यर्थी का मामला है और निर्णय लें :

काविश 60% अंकों के साथ MBBS डॉक्टर हैं और उसने 82% अंकों के साथ न्यूरोसर्जरी में मास्टर किया हुआ है। वह तीन वर्ष से जिला अस्पताल में सीनियर रेजिडेंट के पद पर कार्यरत हैं। पिछले वर्ष उन्होंने अपना 34वाँ जन्मदिन मनाया था।

(A) काविश का चयन कर लिया जाएगा

(B) काविश का चयन नहीं किया जाएगा

(C) काविश के मामले को चयन बोर्ड के पास भेजा जाएगा

(D) काविश को दो वर्ष के लिए परिवीक्षा पर रखा जाएगा

Q14 होटल प्रबंधन पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए, उम्मीदवार में निम्नलिखित योग्यताएँ होनी चाहिए।

1. न्यूनतम 18 वर्ष की आयु होनी चाहिए।
2. प्रथम श्रेणी में इंटरमीडिएट पूरा किया हो।
3. प्रवेश परीक्षा में कम से कम 60% अंक प्राप्त किया हो।
4. 1 लाख रुपए के पाठ्यक्रम शुल्क का भुगतान करने में सक्षम हो।

यदि अभ्यर्थी उपरोक्त सभी मानदंडों को पूर्ण करता है, सिवाय :

a) शर्त 2 के, लेकिन प्रवेश परीक्षा में 85% अंक प्राप्त किया हो, तो उसके मामले को अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा।
b) शर्त 4 के, लेकिन शुल्क का भुगतान दो किश्तों में करने के लिए तैयार है, तो उसका मामला डीन के पास भेजा जा सकता है।

मान लीजिए निम्नलिखित अभ्यर्थी का मामला है और निर्णय लें :

शिखर ने प्रथम श्रेणी में अपना इंटरमीडिएट पूरा किया है और प्रवेश परीक्षा में उसे 80% अंक मिले हैं। उसकी उम्र 20 वर्ष है और वह दो आसान किश्तों में ट्यूशन फीस देने के लिए तैयार है।

(A) निर्णय लेने के लिए जानकारी पर्याप्त नहीं है।
(B) शिखर को प्रवेश मिल जाएगा।
(C) शिखर का मामला डीन के पास भेजा जाएगा।
(D) शिखर के मामले को अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा।

Q15 नीचे दिए गए कथन और उसके बाद दो पूर्वधारणाओं का अध्ययन करें और उस उपयुक्त विकल्प का चयन करें जो उस पूर्वधारणा को इंगित करता है जो कथन में अंतर्निहित है।

**कथन :** "बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहन प्रदान करें" – एक कंपनी की नीति

**पूर्वधारणा :**

(I) प्रोत्साहन लोगों को काम करने के लिए प्रेरित करता है।
(II) कर्मचारी प्रोत्साहन के बिना काम नहीं करते हैं।

(A) केवल पूर्वधारणा I अंतर्निहित है।
(B) केवल पूर्वधारणा II अंतर्निहित है।
(C) या तो पूर्वधारणा I या पूर्वधारणा II अंतर्निहित है।
(D) न तो पूर्वधारणा I और न पूर्वधारणा II अंतर्निहित है।

Q16 नीचे दिए गए कथन और उसके बाद दो पूर्वधारणाओं का अध्ययन करें और उस उपयुक्त विकल्प का चयन करें जो उस पूर्वधारणा को इंगित करता है जो कथन में अंतर्निहित है।

**कथन:** "असफलता को स्वीकार करें और उससे सीखें"

**पूर्वधारणा :**

(I) हर किसी को जीवन में कभी न कभी असफल होना चाहिए।

(II) असफलता भी सफलता का एक अवसर है।

(A) केवल पूर्वधारणा I अंतर्निहित है।

(B) केवल पूर्वधारणा II अंतर्निहित है।

(C) न तो पूर्वधारणा I और न पूर्वधारणा II अंतर्निहित है।

(D) पूर्वधारणा I और II दोनों अंतर्निहित हैं।

Q17 नीचे दिए गए कथन और उसके बाद दो पूर्वधारणाओं का अध्ययन करें और उस उपयुक्त विकल्प का चयन करें जो उस पूर्वधारणा को इंगित करता है जो कथन में अंतर्निहित है।

**कथन:** सरकारी स्कूलों की तुलना में निजी स्कूल बेहतर परिणाम देते हैं।

**पूर्वधारणा :**

(I) सरकारी स्कूल के छात्र बुद्धिमान नहीं होते हैं।

(II) निजी स्कूल के शिक्षक सरकारी स्कूल के शिक्षकों की तुलना में अधिक योग्य हैं।

(A) केवल पूर्वधारणा I अंतर्निहित है।

(B) केवल पूर्वधारणा II अंतर्निहित है।

(C) न तो पूर्वधारणा I और न पूर्वधारणा II अंतर्निहित है।

(D) पूर्वधारणा I और II दोनों अंतर्निहित हैं।

Q18 दिए गए विकल्पों में से उस शब्द-युग्म का चयन करें, जिसके दो शब्द आपस में उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे निम्नलिखित शब्द-युग्म के दोनों शब्द आपस में संबंधित है।

पुस्तक : पाठ

(A) कागज : अखबार

(B) कॉपी : लिखना

(C) घर : फ्लैट

(D) बाग : पौधा

Q19 दिए गए विकल्पों में से उस शब्द-युग्म का चयन करें, जिसके दो शब्द आपस में उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे निम्नलिखित शब्द-युग्म के दोनों शब्द आपस में संबंधित है।

विद्यार्थी : शिक्षक

(A) कप्तान : खिलाड़ी

(B) पशु : प्रशिक्षक

(C) व्यायामशाला : उस्ताद

(D) बीमारी : चिकित्सक

Q20 दिए गए चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी भाँति एक-समान है, और एक भिन्न है। भिन्न अक्षर-समूह का चयन करें।

(A) CEHLQ

(B) QSVZE

(C) FHKOP

(D) PRUYD

Q21 विकल्पों में से अक्षरों के उस संयोजन का चयन करें, जिसे दी गई श्रृंखला के रिक्त स्थानों पर क्रमानुसार रखने पर पुनरावर्ती विन्यास (पैटर्न) बन जाएगा।

_km_ _km_lkm_ _kmp

(A) lplmpl

(B) lmlppl

(C) lplppl

(D) lplppm

Q22 विकल्पों में से अक्षरों के उस संयोजन का चयन करें, जिसे दी गई श्रृंखला के रिक्त स्थानों पर क्रमानुसार रखने पर पुनरावर्ती विन्यास (पैटर्न) बन जाएगा।

x_ _zxzx_yzx_ _xyzxzx_ _ _xzxxyzx_

(A) xxyzxxyzz

(B) xyxzxxyzz

(C) xyzzxxyz

(D) xyxzyxyzz

Q23 यदि दी गई श्रृंखला के आधे अक्षर को उल्टा लिखा जाता है और उन्हें श्रृंखला के आरंभ में लाया जाता है, तो दाएँ से 9वें स्थान के बाएँ 11वें स्थान पर कौन सा अक्षर/अंक आएगा?

BDCWIUEQR98Y238930957A SHFEWUYQ3R

(A) 5

(B) 7

(C) 9

(D) A

Q24 निम्नलिखित समीकरण को सही करने के लिए इसकी किन दो संख्याओं को आपस में बदलना चाहिए?

{(23 + 17) / 2} 4 – 6 + 12 = 26

(A) 4 और 6

(B) 2 और 4

(C) 4 और 12

(D) 23 और 26

Q25 निम्नलिखित समीकरण को सही करने के लिए इसके किन दो चिह्नों को आपस में बदलना चाहिए?

4 × 8 + 7 × 9 ÷ 60 - 5 = 83


(A) x और +

(B) x और –


(C) x और ÷

(D) – और ÷


Q26 निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा वेन आरेख निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंध को सबसे अच्छे तरीके से दर्शाता है?
माता, पिता, गृहिणी




(A)



(B)




(C)




(D)


Q27 निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा वेन आरेख निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंध को सबसे अच्छे तरीके से दर्शाता है?
बाघ, कुत्ता, पशु, खेत




(A)



(B)




(C)



(D)

Q28 नीचे दिए गए वेन आरेख का अध्ययन करें जो विभिन्न वैकल्पिक विषयों के लिए चुने गए विद्यार्थियों की संख्या दर्शाता है।




कितने छात्र जीव विज्ञान (biology) और सामाजिक विज्ञान (social science) दोनों का अध्ययन करना चाहते हैं लेकिन रसायन विज्ञान (chemistry) और भौतिकी (physics) नहीं पढ़ना चाहते हैं?


(A) 4


(B) 2

(C) 6

(D) 8

Q29 उस आकृति का चयन करें जो निम्नलिखित आकृति श्रृंखला में अगले स्थान पर आएगी।






(A)



(B)





(C)



(D)

Q30 निम्नलिखित में से कौन सी विकल्प-आकृति, दी गई आकृति की दर्पण छवि है (दर्पण को आकृति के दाईं ओर रखा गया है)?






(A)



(B)



(C)



(D)

Q31 Windows ऑपरेटिंग सिस्टम में फाइल एक्सप्लोरर को खोलने के लिए निम्न में से किस कीबोर्ड शॉर्टकट का उपयोग किया जाता है?

(A) Windows लोगो कुंजी+E

(B) F5

(C) Windows लोगो कुंजी+I

(D) Windows लोगो कुंजी+C

Q32 अपने कंप्यूटर को ऑन करने और Windows पर लॉग ऑन करने के बाद आपको दिखाई देने वाले मुख्य स्क्रीन क्षेत्र का नाम क्या है?

(A) डेस्कटॉप

(B) एप्लीकेशन

(C) विंडोज

(D) फ्रेम

Q33 सही मिलान करें:

| सॉफ्टवेयर प्रोडक्ट | प्रकार |
|---|---|
| a) Ubuntu | i) एंटीवायरस सॉफ़्टवेयर |
| b) Firefox | ii) ऑपरेटिंग सिस्टम |
| c) MS-Outlook | iii) ब्राउज़र |
| d) MacAfee | iv) ईमेल क्लाइंट |

(A) a-ii, b-iii, c-iv, d-i
(B) a-i, b-iii, c-iv, d-ii
(C) a-ii, b-iii, c-i, d-iv
(D) a-ii, b-i, c-iii, d-iv

Q34 Google Chrome में डेवलपर टूल खोलने के लिए निम्न में से किस कीबोर्ड शॉर्टकट का उपयोग किया जा सकता है?
(A) Ctrl + Shift + j
(B) Ctrl + Shift + b
(C) Ctrl + T
(D) Ctrl + Shift + m

Q35 HTTPS में 'S' का विस्तारित रूप क्या है?
(A) Single (सिंगल)
(B) Server (सर्वर)
(C) Simple (सिंपल)
(D) Secure (सिक्योर)

Q36 'URL' में 'R' का विस्तारित रूप क्या है?
(A) Resource (रिसोर्स)
(B) Required (रिक्वायर्ड)
(C) Response (रिस्पांस)
(D) Report (रिपोर्ट)

Q37 निम्नलिखित में से किस प्रक्रिया (प्रोसेस) में फाइल इंटरनेट पर एक कंप्यूटर सर्वर से आपके कंप्यूटर में स्थानांतरित की जाती है?
(A) अपलोडिंग
(B) डाउनलोडिंग
(C) सेंड
(D) रिक्वेस्ट

Q38 नियंत्रण इकाई (CU) और अंकगणितीय तर्क इकाई (ALU) को एक साथ सामान्यतः ________ कहा जाता है।
(A) अभिकलनात्मक इकाई (कंप्यूटेशनल यूनिट)
(B) संग्रहण इकाई (स्टोरेज यूनिट)
(C) स्ट्रीमिंग इकाई
(D) प्रक्रमण इकाई (प्रोसेसिंग यूनिट)

Q39 टेक्स्ट-इमेज को सम्पादन योग्य टेक्स्ट में बदलने के लिए निम्न में से किसका उपयोग किया जाता है?
(A) फ्लैट बेड स्कैनर
(B) मैग्नेटिक इंक करैक्टर रिकग्निशन (MICR)
(C) QR कोड
(D) ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन (OCR)

Q40 निम्नलिखित कथनों में से सही/गलत की पहचान करें।
a) टच स्क्रीन - सूचक (पॉइंटिंग) इनपुट डिवाइस।
b) प्लॉटर - टेक्स्ट इनपुट डिवाइस।
(A) a - सही, b- सही
(B) a - सही, b - गलत
(C) a - गलत, b - सही
(D) a - गलत, b - गलत

Q41 सही मिलान करें:

| डिवाइस | प्रकार |
|---|---|
| a) मैग्नेटिक टेप | i) इनपुट डिवाइस |
| b) यादृच्छिक अभिगम स्मृति (RAM) | ii) सहायक संग्रहण उपकरण (औक्सिलरी स्टोरेज डिवाइस) |
| c) लेज़र प्रिंटर | iii) आंतरिक भंडारण (इंटरनल स्टोरेज) |
| d) लाइट पेन | iv) आउटपुट डिवाइस |

(A) a-ii, b-iii, c-iv, d-i
(B) a-i, b-iii, c-iv, d-ii
(C) a-ii, b-iii, c-i, d-iv
(D) a-ii, b-i, c-iii, d-iv

Q42 निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सभी अंकगणित और तार्किक प्रचालन (AND, OR, NOT) करता है?
(A) नियंत्रण इकाई (CU)
(B) अंकगणितीय और तार्किक इकाई (ALU)
(C) कंपाइलर
(D) ट्रांसलेटर

Q43 निम्नलिखित कथनों में से सही / गलत की पहचान करें:
a) कैश मेमोरी यादृच्छिक अभिगम स्मृति (RAM) और केंद्रीय प्रक्रमण इकाई (CPU) के बीच में रखी जाने वाली एक बहुत ही तीव्र-गति स्मृति (हाई-स्पीड मेमोरी) है।
b) CPU की तर्क इकाई (लॉजिक यूनिट) संख्याओं, अक्षरों और विशेष वर्णों की तुलना करती है।
c) नियंत्रण इकाई (कंट्रोल यूनिट) कंप्यूटर के इनपुट और आउटपुट डिवाइस का समन्वय करती है।
(A) a-सही, b-सही, c-सही
(B) a-गलत, b-सही, c-सही
(C) a-सही, b-गलत, c-सही
(D) a-सही, b-सही, c-गलत

Q44 निम्नलिखित कथनों में से सही / गलत की पहचान करें।
a) ऑप्टिकल माउस - यह गति का पता लगाने के लिए प्रकाश को महसूस (सेंस) करता है।
b) ट्रैक बॉल - यह टेक्स्ट स्कैनिंग डिवाइस है।
c) EPROM - इसकी सामग्री (कंटेंट) को केवल एक बार मिटाया जा सकता है।
(A) a-सही, b- गलत, c-गलत
(B) a-गलत, b- सही, c-सही
(C) a-सही, b- सही, c-गलत
(D) a-सही, b- गलत, c-सही

Q45 सही मिलान करें:

| कंपोनेंट | विवरण |
|---|---|
| a) CRT | i) इंटेलीजेंट कैरेक्टर रिकग्निशन |
| b) WSI –इंटीग्रेशन | ii) आउटपुट डिवाइस |
| c) CPU | iii) CMOS-टेक्नोलॉजी |
| d) ICR | iv) ALU, कंट्रोल यूनिट, रजिस्टर |

(A) a-ii, b-iii, c-iv, d-i
(B) a-i, b-iii, c-iv, d-ii
(C) a-ii, b-iii, c-i, d-iv
(D) a-ii, b-i, c-iii, d-iv

Q46 निम्नलिखित में से कौन एक आउटपुट डिवाइस है?

(A) बार कोड रीडर

(B) कंप्यूटर स्पीकर

(C) फ्लैटबेड स्कैनर

(D) OMR

Q47 सही मिलान करें:

| स्मृति | डिवाइस/यूनिट |
|---|---|
| a) द्वितीयक स्मृति (सेकेंडरी मेमोरी) | i) बिट |
| b) ऑप्टिकल संग्रहण (स्टोरेज) | ii) डिस्केट |
| c) आंतरिक स्मृति | iii) कॉम्पैक्ट डिस्क केवल पठनीय स्मृति (CD ROM) |
| d) लघुतम स्मृति इकाई | iv) RAM |

(A) a-ii, b-iii, c-iv, d-i

(B) a-i, b-iii, c-iv, d-ii

(C) a-ii, b-iii, c-i, d-iv

(D) a-ii, b-i, c-iii, d-iv

Q48 सही मिलान करें:

| | |
|---|---|
| a) ऑप्टिकल माउस | i) एक स्थिर उपकरण पर लगी एक गतिमान गेंद, जिसे उंगलियों का उपयोग करके अयांत्रिक (मैन्युअल) रूप से घुमाया जा सकता है |
| b) डिजिटाइजिंग (ग्राफ़िक) टेबलेट | ii) यह माउस की स्तिथि की तुलना और ट्रैक करने के लिए कैमरा प्रौद्योगिकी और डिजिटल प्रोसेसिंग का उपयोग करता है |
| c) जॉयस्टिक | iii) फोटो और ग्राफ़िक्स को हाथ से बनाने (ड्रा करने) की सुविधा देता है |
| d) ट्रैकबॉल | iv) विडियो गेम खेलने में स्तिथि को इंगित करने के लिए उपयोग किया जाता है |

(A) a-ii, b-iii, c-iv, d-i

(B) a-i, b-iii, c-iv, d-ii

(C) a-ii, b-iii, c-i, d-iv

(D) a-ii, b-i, c-iii, d-iv

Q49 प्रिंट रिजोल्यूशन को __________ की संख्या के रूप में मापा जाता है।

(A) डॉट्स प्रति इंच (dpi)

(B) वर्ण-प्रति-सेकंड (cps)

(C) लाइन-प्रति-मिनट (LPM)

(D) पृष्ठ-प्रति-मिनट (ppm)

Q50 चार्ट, ग्राफ़, CAD ड्रॉइंग और मानचित्रों को प्रिंट करने के लिए आमतौर पर निम्न में से किसका उपयोग किया जाता है?

(A) प्लॉटर

(B) इंकजेट प्रिंटर

(C) डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर

(D) बबल जेट प्रिंटर

Q51 निम्नलिखित कथनों में से सही/गलत की पहचान करें।

a) इंक-जेट प्रिंटर: इस प्रकार के प्रिंटर में स्प्रे स्याही, जेट की तरह सीधे कागज पर गिरती है।

b) लेजर प्रिंटर: यह प्रिंटिंग से पहले पूरे पेज को संसाधित (प्रोसेस) और संग्रहित (स्टोर) करता है, इस प्रकार के प्रिंटर को पेज प्रिंटर भी कहा जाता है।

c) डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर: यह विशेष वर्ण, चार्ट और ग्राफ़ को प्रिंट नहीं कर सकता है।

(A) a-सही, b-सही, c-गलत

(B) a-गलत, b-सही, c-गलत

(C) a-सही, b-गलत, c-गलत

(D) a-गलत, b-गलत, c-सही

Q52 निम्नलिखित में से कौन सा ऑपरेटिंग सिस्टम समान कार्यों को एक साथ समूह में रखता है और उन्हें निष्पादित करता है?

(A) बैच ऑपरेटिंग सिस्टम

(B) टाइम-शेयरिंग ऑपरेटिंग सिस्टम

(C) डेस्कटॉप ऑपरेटिंग सिस्टम

(D) नेटवर्क ऑपरेटिंग सिस्टम

Q53 सही मिलान करें:

| उत्पाद | कम्पनी/प्रकार |
|---|---|
| a) Z/OS | i) Apple |
| b) Windows 98 | ii) IBM मशीन ऑपरेटिंग सिस्टम |
| c) Redhat | iii) NT टेक्नोलॉजी |
| d) iOS | iv) Linux ऑपरेटिंग सिस्टम |

(A) a-ii, b-iii, c-iv, d-i

(B) a-i, b-iii, c-iv, d-ii

(C) a-ii, b-iii, c-i, d-iv

(D) a-ii, b-i, c-iii, d-iv

Q54 Ms-Word365 में, निम्न में से किस मेनू में 'Reuse Files' विकल्प शामिल है?

(A) Insert (इन्सर्ट)

(B) Draw (ड्रा)

(C) Design (डिज़ाइन)

(D) Layout (लेआउट)

Q55 MS-Word में, ज़ूम आवर्धन को समायोजित करने के लिए निम्न में से किस शॉर्टकट कुंजी का उपयोग किया जाता है?

(A) Alt+W+Q

(B) Ctrl+Z

(C) Ctrl+Alt+S

(D) Alt+Shift+C

Q56 MS-Word में, निम्नलिखित में से किस शॉर्टकट कुंजी का उपयोग एक बार में वर्ण/अक्षर के आकार को एक पॉइंट कम करने के लिए किया जाता है?

(A) Ctrl + Shift + {

(B) Alt + Ctrl + -

(C) Ctrl + ]

(D) Ctrl + [

Q57 MS Word 2013 में, Ctrl + Alt + PgDown कुंजी अनुक्रम का उद्देश्य क्या है?

(A) कर्सर को अगले पृष्ठ पर ले जाना

(B) कर्सर को पिछले पृष्ठ पर ले जाना

(C) कर्सर को अगले शब्द पर ले जाना

(D) कर्सर को विंडो में प्रदर्शित अंतिम वर्ण पर ले जाना

Q58 MS-Word में Spelling and Grammar (स्पेलिंग एंड ग्रामर) को खोलने के लिए निम्न में से किस शॉर्टकट कुंजी का प्रयोग किया जाता है?

(A) F7

(B) Ctrl + F2

(C) Shift + Ctrl + j

(D) Shift + F8

Q59 निम्नलिखित फाइल एक्सटेंशन में से कौन MS-Excel 2010 फाइल का एक्सटेंशन नहीं है?

(A) .xlw

(B) .xls

(C) .xlsx

(D) .sxls

Q60 Excel 2013 में एक कक्ष (सेल) में अधिकतम कितने वर्ण (कैरेक्टर) हो सकते हैं?

(A) 32,767
(B) 255
(C) 409
(D) 16,384

Q61 सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य के दरबार में सेल्यूकस निकेटर का राजदूत कौन था?

(A) डायमेकस
(B) डायोनिसियस
(C) टॉलेमी
(D) मेगस्थनीज

Q62 भारत में क्रिप्स मिशन के समय ब्रिटिश प्रधानमंत्री कौन थे?

(A) स्टैफोर्ड क्रिप्स
(B) रामसे मैकडोनाल्ड
(C) क्लेमेंट एटली
(D) विंस्टन चर्चिल

Q63 भारत में उत्तर-पूर्वी मानसून निम्नलिखित में से किन महीनों के बीच आता है?

(A) नवंबर से जनवरी
(B) अगस्त से नवंबर
(C) अक्टूबर से दिसंबर
(D) दिसंबर से फरवरी

Q64 पूर्वी भारत में स्थित सबसे बड़ा कोयला क्षेत्र कौन-सा है?

(A) झरिया
(B) बोकारो
(C) धनबाद
(D) गिरिडीह

Q65 प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY) से संबंधित कथनों को पढ़ें और **गलत** विकल्प का चयन करें।

(A) प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY)18 से 70 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों के लिए उपलब्ध है।
(B) योजना के अंतर्गत दुर्घटना मृत्यु होने पर और पूर्ण विकलांगता के लिए जोखिम राशि (कवरेज) ₹ 2 लाख तथा आंशिक विकलांगता पर जोखिम राशि (कवरेज) ₹ 1 लाख है।
(C) यह योजना सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों या किसी अन्य सामान्य बीमा कंपनी द्वारा प्रस्तुत की जा रही है।
(D) प्रीमियम ₹ 330 है जिसे वार्षिक आधार पर जमा किया जाएगा।

Q66 गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?

(A) गुजरात
(B) महाराष्ट्र
(C) राजस्थान
(D) मध्य प्रदेश

Q67 भारतीय संविधान का कौन सा भाग व्यापार और वाणिज्य से संबंधित है?

(A) भाग XIII
(B) भाग XII
(C) भाग XIV
(D) भाग XV

**Q68** निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प LASER शब्द का पूर्ण रूप है?

(A) लॉ अल्टर्नेट स्टैंडर्ड इमिशन ऑफ़ रेडिएशन (Low Alternate Standard Emission of Radiation)

(B) लाइट एप्लीकेशन अंडर स्टैंडर्ड इमिशन ऑफ़ रेडिएशन (Light Application under Standard Emission Radiation)

(C) लाइट एम्प्लिफिकेशन बाय स्टिमुलेटेड इमिशन ऑफ़ रेडिएशन (Light Amplification by Stimulated Emission of Radiation)

(D) लॉ अग्ग्रीगेटेड स्टैंडर्ड इमिशन रेडिएशन (Low Aggregated Standard Emission Radiation)

Q69 कुचिपुड़ी किस राज्य का प्रसिद्ध नृत्य है?

(A) तेलंगाना

(B) आंध्र प्रदेश

(C) तमिलनाडु

(D) कर्नाटक

Q70 फ़ीफा विश्व कप 2022 निम्नलिखित में से किस देश में आयोजित किया जाएगा?

(A) ब्राज़ील

(B) जर्मनी

(C) कतर

(D) अर्जेंटीना

Q71 स्थायी बंदोबस्त के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

A. स्थायी बंदोबस्त भू-राजस्व से संबंधित है।

B. इसकी शुरुआत 1822 में होल्ट मैकेंज़ी द्वारा की गई थी।

C. इस व्यवस्था के तहत ईस्ट इंडिया कंपनी सीधे किसानों से राजस्व वसूल करती थी।

D. इसकी शुरुआत बंगाल और बिहार में की गई थी।

(A) A और D

(B) A और C

(C) B और C

(D) B और D

Q72 भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान निम्नलिखित में से कौन 'नौजवान भारत सभा' के सदस्य थे?

(A) सूर्य सेन

(B) भगत सिंह

(C) सुभाष चंद्र बोस

(D) रामप्रसाद बिस्मिल

Q73 निम्नलिखित में से कौन सी नदी/नदियाँ मध्य प्रदेश राज्य से संबंधित है/हैं?

निम्नलिखित में से कौन सी नदी/नदियाँ मध्य प्रदेश राज्य में से बहती है/हैं?

A. बेतवा

B. शिवनाथ

C. क्षिप्रा

D. चंबल

(A) A, C और D

(B) A, B और D

(C) B, C और D

(D) A, B और C

Q74 नीचे दिए गए आँकड़ों के आधार पर विकल्पों में से सही कथन का चयन कीजिए।

| | Haryana | West Bengal | Tamil Nadu |
|---|---|---|---|
| Total | 4857524 | 20380315 | 18524982 |
| Rural | 3043756 | 13813165 | 9528495 |
| Urban | 1813768 | 6567150 | 8996487 |

(A) पश्चिम बंगाल (West Bengal) में 3/4 से अधिक जनसंख्या ग्रामीण (rural) क्षेत्रों में निवास करती है।

(B) ग्रामीण (rural) से शहरी (Urban) जनसंख्या के अनुपात के आधार पर, तमिलनाडु (Tamil Nadu) की लगभग 50% जनसंख्या शहरों (urban) में रहती है।

(C) तमिलनाडु (Tamil Nadu) और पश्चिम बंगाल (West Bengal) की तुलना में हरियाणा (Haryana) अधिक शहरीकृत (urbanised) है।

(D) तमिलनाडु (Tamil Nadu) और पश्चिम बंगाल (West Bengal) की संयुक्त जनसंख्या की तुलना में पश्चिम बंगाल (West Bengal) अधिक शहरीकृत (urbanised) है।

Q75 भारत के किस राज्य में देश का सबसे बड़ा तटवर्ती प्राकृतिक गैस भंडार है?

(A) त्रिपुरा
(B) तमिलनाडु
(C) महाराष्ट्र
(D) असम

Q76 कैसिटराइट निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(A) कैल्शियम
(B) टिन
(C) लोहा
(D) सोडियम

Q77 विश्व सुपर मिडिलवेट बॉक्सिंग चैंपियन कैनेलो अल्वारेज़ किस देश से हैं?

(A) स्पेन
(B) संयुक्त राज्य अमेरिका
(C) मेक्सिको
(D) पुर्तगाल

Q78 निम्नलिखित में से किस गुप्त सम्राट को विक्रमादित्य की उपाधि मिली थी?

(A) चंद्र गुप्त II
(B) चंद्र गुप्त I
(C) स्कंद गुप्त
(D) चंद्र गुप्त मौर्य

Q79 मेटा डेटा के सारणीकरण के लिए निम्नलिखित में से कौन सी श्रृंखला जनसंख्या की आर्थिक गतिविधि की स्थिति को दर्शाती है?

(A) B–श्रृंखला
(B) A–श्रृंखला
(C) HH–श्रृंखला
(D) D–श्रृंखला

Q80 कृषि मंत्रालय के अनुसार, 2019-20 में देश में गन्ना का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक राज्य कौन सा है?

(A) महाराष्ट्र
(B) कर्नाटक
(C) तमिलनाडु
(D) बिहार

Q81 2011 की जनगणना के अनुसार राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के जनसंख्या घनत्व को सही ढंग से पुनर्व्यवस्थित करें।

राज्य/संघ राज्य

A. तमिलनाडु
B. महाराष्ट्र
C. हरियाणा
D. दमन और दीव

घनत्व (per sq.km)

I. 2,169
II. 573
III. 365
IV. 555

(A) A-III; B-I; C-II; D-IV
(B) A-I; B-II; C-IV; D-III
(C) A-IV; B-III; C-II; D-I
(D) A-II; B-IV; C-I; D-III

Q82 छत्तीसगढ़ का कौन सा जिला कैसिटराइट का सबसे बड़ा उत्पादक है?

(A) बस्तर
(B) दंतेवाड़ा
(C) रायपुर
(D) दुर्ग

Q83 प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (PMAGY) से संबंधित कथनों को पढ़ें और गलत विकल्प का चयन करें।

(A) योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति बहुल गाँवों का एकीकृत विकास करना है।
(B) यह योजना केंद्रीय सहायता के रूप में प्रति गाँवों को ₹20 लाख की सीमा तक अंतराल पूर्ति निधि प्रदान करती है।
(C) पहले चरण के तहत पहले से शामिल गाँवों के निरंतर विकास के लिए, प्रति गाँव ₹15 लाख के वित्त पोषण के अतिरिक्त दौर का एक घटक भी शामिल है।
(D) योजना का प्राथमिक चरण 2009-10 में शुरू किया गया था।

Q84 निम्नलिखित में से कौन-सा एक मांसाहारी पौधा है?

(A) आइवी (Ivy)
(B) केप सनड्यू (Cape Sundew)
(C) चैंडेलिएर (Chandelier)
(D) पत्थरचट्टा (Kalanchoe)

Q85 छोटा नागपुर पठार का संबंध किस लोकनृत्य से है?

(A) मुंडारी
(B) रेंगमा
(C) चंगी
(D) मोडसे

Q86 लवलीना बोरगोहेन ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में भारत के लिए कांस्य पदक जीता। उस खेल को पहचानें, जिसका उसने ओलंपिक में प्रतिनिधित्व किया था?

(A) महिला भारोत्तोलन

(B) महिला वेल्टरवेट मुक्केबाजी

(C) महिला कुश्ती

(D) महिला एकल बैडमिंटन

Q87 निम्नलिखित में से कौन सा/से मध्यपाषाण स्थल राजस्थान में स्थित है/हैं?

A. बागोर

B. रत्नापुर

C. तिलवारा

D. लोटेश्वर

(A) A और D

(B) B और C

(C) A और C

(D) B और D

Q88 सविनय अवज्ञा आंदोलन के वापस लेने के बाद की अवधि, कॉंग्रेस में एक वर्ग, जिसे नए स्वराजवादियों के रूप में जाना जाता है, ने संवैधानिक तरीकों के पुनरुद्धार और संवैधानिक सभा के चुनाव में भागीदारी की पैरवी की थी। निम्नलिखित में से कॉंग्रेस से कौन नए स्वराजवादियों में शामिल सदस्य थे?

(A) भूलाभाई देसाई

(B) माधव देसाई

(C) गोविंद बल्लभ पंत

(D) सी. राजगोपालाचारी

Q89 टेन डिग्री चैनल निम्नलिखित में से किन द्वीपों के मध्य स्थित है?

(A) नानकौरी द्वीप और ग्रेट निक़ोबार द्वीप

(B) पोर्ट ब्लेयर और लिटिल अंदमान

(C) लिटिल अंदमान और कार निकोबार द्वीप

(D) उत्तरी अंदमान द्वीप और रिची द्वीपसमूह

Q90 प्रति हेक्टेयर नारियल उत्पादन के मामले में, भारत के किस राज्य में वर्ष 2019-20 में देश में नारियल का सर्वाधिक उत्पादन (नट्स/हेक्टेयर) हुआ?

(A) केरल

(B) महाराष्ट्र

(C) आंध्र प्रदेश

(D) तमिलनाडु

Q91 लिंग के आधार पर ग्रामीण-शहरी जनसंख्या श्रेणियों के लिए 2011 की जनगणना के आंकड़ों को पढ़ें और नीचे दिए गए कथनों का आकलन कीजिए।

| | Persons | Male | Female |
|---|---|---|---|
| Rural | 833748852 | 427781058 | 405967794 |
| Urban | 377106125 | 195489200 | 181616925 |
| Total | 1210854977 | 623270258 | 587584719 |

A. ग्रामीण (Rural) पुरुष कुल ग्रामीण (Rural) जनसंख्या का लगभग 51.30 प्रतिशत हैं।

B. भारत की ग्रामीण (Rural) जनसंख्या कुल जनसंख्या के 2/3 से अधिक है।

C. कुल पुरुष (Male) जनसंख्या देश की महिला (Female) जनसंख्या से लगभग 3% अधिक है।

उपरोक्त तीन कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(A) केवल A और C

(B) केवल A और B

(C) A, B और C

(D) केवल B और C

Q92 भारत में कौन सा राष्ट्रीय उद्यान बिग केट की चार प्रजातियों, यानी बाघ तेंदुआ, धूमिल तेंदुआ और हिम तेंदुआ के लिए प्रसिद्ध है?

(A) काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान

(B) नमदाफा राष्ट्रीय उद्यान

(C) जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान

(D) राजाजी राष्ट्रीय उद्यान

Q93 समय अवधि और उसे परिभाषित करने वाली घटना का मिलान कीजिए जिसमें वह घटित हुई हैं, और नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए।

**समय अवधि**

A. क्रिटेशियस

B. कैम्ब्रियन

C. कार्बोनिफेरस

D. क्वाटर्नरी

**परिभाषित करने वाली घटना**

1. पहला सरीसृप

2. पहली मछली

3. मानव का विकास

4. फूल वाला पहला पौधा

(A) A-1 B-2; C-4; D-3

(B) A-4; B-3; C-1; D-2

(C) A-1; B-4; C-3; D-2

(D) A-4; B-2; C-1; D-3

Q94 लोक नृत्य का उस राज्य से मिलान करें जिससे वे संबंधित हैं।

| लोक नृत्य | | राज्य |
|---|---|---|
| A. | मोडसे | 1. मिजोरम |
| B. | थौगल जागोई | 2. त्रिपुरा |
| C. | होजागिरी | 3. नागालैंड |
| D | खुल्लम | 4. मणिपुर |

(A) A-2; B-3; C-1; D-4

(B) A-3; B-1; C-4; D-2

(C) A-2; B-4; C-1; D-3

(D) A-3; B-4; C-2; D-1

Q95 विकल्प में दिए गए खेल व्यक्तित्वों (खिलाड़ियों) में से कौन कबड्डी से संबंधित नहीं है?

(A) अजय ठाकुर
(B) दीपक निवास हुड्डा
(C) राहुल चौधरी
(D) सतीश शिवलिंगम

Q96 X, Y की जेब काटने के लिए उसकी जेब में हाथ डालता है। लेकिन जेब खाली होने के कारण X का प्रयास विफल रहता है। X ______ के अपराध का दोषी है।

(A) चोरी
(B) धोखाधड़ी
(C) चोरी करने के प्रयास
(D) ज़बरदस्ती वसूली

Q97 घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 की धारा 29 के तहत अपील दायर करने के लिए निर्धारित समयावधि क्या है?

(A) 60 दिनों के भीतर
(B) 90 दिनों के भीतर
(C) 30 दिनों के भीतर
(D) 45 दिनों के भीतर

Q98 एक गवाह जो बोलने में असमर्थ है, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 119 के तहत खुली अदालत में लिखकर अपना साक्ष्य देता है, इस प्रकार दिए गए साक्ष्य को ____________ माना जाएगा।

(A) स्वीकार्य नहीं
(B) मौखिक साक्ष्य
(C) द्वितीयक साक्ष्य
(D) दस्तावेज़ी साक्ष्य

Q99 निम्नलिखित में से किस अपराध पर दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 के तहत संक्षेप में विचार नहीं किया जा सकता है?

(A) आजीवन कारावास के दंडनीय अपराध
(B) भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 454 के तहत अपराध
(C) भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 456 के तहत अपराध
(D) भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 411 के तहत चोरी की गई संपत्ति को प्राप्त करना या बनाए रखना जहां संपत्ति का मूल्य दो हजार रुपये से अधिक नहीं है

Q100 सती (रोकथाम) अधिनियम 1987 की धारा 13 के तहत, यदि किसी व्यक्ति को इस अधिनियम के तहत किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है, तो एसे मामले में मुकदमा चलाने वाला विशेष न्यायालय धारा 8 के तहत उसकी संपत्ति को ज़ब्त कर सकता है और ज़ब्त किये गए धन या संपत्ति को ______ के लिए उपयोग कर सकता है।

(A) कर्ज़ चुकाने
(B) पीड़ित परिवार को देने
(C) स्थानीय समुदाय को देने
(D) राज्य के कोष में जमा करने

Q101 बाल और किशोर श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 का एक मुख्य उद्देश्य बच्चों की ______ में संलग्नता पर रोक लगाना है।
(A) खतरनाक व्यवसायों
(B) सभी व्यवसायों
(C) औद्योगिक व्यवसायों
(D) कुछ निर्दिष्ट व्यवसायों

Q102 यौन शोषण से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो अधिनियम), 2012 की धारा 10 के अनुसार, गंभीरयौन हमला करने वाले अपराधी को किसी भी अवधि के कारावास की सज़ा हो सकती है, जो कम से कम ______की होगी।
(A) सात साल
(B) दो साल
(C) पांच साल
(D) तीन साल

Q103 अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम, 1956 की धारा 2 (j) के अनुसार, "ट्रैफिकिंग पुलिस अधिकारी" का अर्थ एक पुलिस अधिकारी से है, जिसे ______ द्वारा नियुक्त किया जाता है।
(A) केंद्र सरकार
(B) राज्य सरकार
(C) जिला मजिस्ट्रेट
(D) पुलिस अधीक्षक

Q104 यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम, 2012 की धारा 15(3) के अनुसार, (2019 में संशोधित) कोई भी व्यक्ति, जो किसी भी रूप में बच्चो से जुडी अश्लील सामग्री को व्यावसायिक उद्देश्य के लिए रखता है उसे पहली बार दोषसिद्ध होने पर कम से कम ______ के कारावास की सज़ा होगी।
(A) एक साल
(B) दो साल
(C) छः महीने
(D) तीन साल

Q105 किशोर न्याय (बच्चों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 27 के अनुसार, बाल कल्याण समिति के सदस्य के रूप में किसी व्यक्ति की नियुक्ति अधिकतम ______ की अवधि के लिए होती है।
(A) 2 वर्ष
(B) 3 वर्ष
(C) 5 वर्ष
(D) 4 वर्ष

Q106 प्राचीन उत्खनन स्थल 'नगर' राजस्थान के किस जिले में स्थित है?
(A) सीकर
(B) अलवर
(C) टोंक
(D) पाली

Q107 1998 में राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में इनमें से किस स्थल की खुदाई की गई थी?
(A) लच्छुरा
(B) ओजियाना
(C) नगर
(D) बैराठ

Q108 निम्नलिखित में से किस शहर की स्थापना 7वीं शताब्दी ईस्वी में राजा अजयपाल चौहान द्वारा की गई थी?

(A) उदयपुर
(B) जयपुर
(C) जोधपुर
(D) अजमेर

Q109 निम्नलिखित में से कौन, प्रतापगढ़ का शासक नहीं रहा है?

(A) क्षेमकर्ण
(B) महारावत प्रताप सिंह
(C) सूरजमल
(D) रंजीत सिंह

Q110 निम्नलिखित में से प्रतिहार राजा नागभट्ट प्रथम के बारे में कौन-सा कथन सही है?

(A) वे वत्सराज के पुत्र थे।
(B) उन्होंने लगभग 50 वर्षों तक शासन किया।
(C) उनकी मृत्यु के बाद महिपाल और भोज द्वितीय के बीच उत्तराधिकार बनने के लिए युद्ध हुआ।
(D) उन्होंने सिंध के अरब शासकों को हराया जो राजस्थान, गुजरात, पंजाब आदि पर अतिक्रमण करने की कोशिश कर रहे थे।

Q111 हल्दीघाटी का युद्ध _______ को लड़ा गया था।

(A) 18 जून, 1577
(B) 18 जून, 1567
(C) 18 जून, 1576
(D) 18 जून, 1555

Q112 निम्नलिखित में से किसने राव गोपाल सिंह खारवा को प्रभावित किया था?

(A) ब्रह्मो समाज
(B) आर्य समाज
(C) वर्धमान शैली
(D) रामकृष्ण मिशन

Q113 मेवाड़ के महाराणा फतेह सिंह को व्यंग्य "चेतावनी रा चुंगट्या" किसने भेजा, जो दिल्ली दरबार में शामिल होने जा रहे थे, परंतु व्यंग्य को पढ़ने के बाद शामिल नहीं हुए?

(A) केसरी सिंह बारहठ
(B) राव गोपाल सिंह खरवा
(C) प्रताप सिंह बारहठ
(D) अर्जुन लाल सेठी

Q114 निम्नलिखित में से किस क्रांतिकारी ने अपना अधिकांश समय एक नकली नाम अमरदास वैरागी वाले संत की पोशाक में बिताया?

(A) प्रताप सिंह बारहठ
(B) जोरावर सिंह बारहठ
(C) राव गोपाल सिंह खरवा
(D) अर्जुन लाल सेठी

Q115 बिजोलिया आंदोलन चरणबद्ध तरीके से हुआ था। उस विकल्प का चयन कीजिए जो इन चरणों में से नहीं है।

(A) 1897 से 1915
(B) 1916 से 1923
(C) 1923 से 1941
(D) 1888 से 1896

Q116 क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान का सबसे छोटा जिला कौन सा है?
(A) डूंगरपुर
(B) दौसा
(C) प्रतापगढ़
(D) धौलपुर

Q117 राजस्थान की सांभर झील को पांच नदियों से पानी मिलता है। निम्नलिखित में से कौन-सी नदी उन पाँच नदियों में से एक है?
(A) बनास
(B) काली सिंध
(C) समोड
(D) जवाई

Q118 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन चंबल नदी के बारे में सही नहीं है?
(A) यह यमुना की एक प्रमुख सहायक नदी है जो 960 km लंबी है।
(B) मध्य भारत में स्थित, नदी में ग्रेटर गंगा ड्रेनेज सिस्टम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा शामिल है।
(C) यह राजस्थान राज्य से होकर बहने वाली नदियों में सबसे बड़ी है।
(D) चंबल द्वारा यमुना के साथ इसके संगम तक का कुल क्षेत्र हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में स्थित है।

Q119 राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड की स्थापना किस वर्ष हुई थी?
(A) 2007
(B) 2008
(C) 2010
(D) 2012

Q120 राजस्थान में वन्यजीव विविधता के बारे में सही कथन का चयन करें?
(A) भरतपुर का केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान और जैसलमेर का मरुभूमि राष्ट्रीय उद्यान, बाघों की आबादी के लिए विश्व भर में जाना जाता है।
(B) अलवर जिले में स्थित सरिस्का टाइगर रिजर्व 1973 में प्रोजेक्ट टाइगर का हिस्सा बना।
(C) सवाई माधोपुर में स्थित रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान को 1979 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था।
(D) ताल छपर अभयारण्य, सुजानगढ़, चुरू जिले में सुंदर काले हिरण की बड़ी आबादी पाई जाती हैं।

Q121 2021 के अनुसार, भारत में तांबे के उत्पादन में राजस्थान का कौन सा स्थान है?
(A) पहला
(B) तीसरा
(C) पाँचवाँ
(D) दूसरा

Q122 राजस्थान में इस धात्विक खनिज के भंडार मुख्य रूप से बाँसवाड़ा जिलों में पाए जाते हैं, जहां यह गुरिया से रथिमुरी तक 22 km की दूरी तक फैली हुई पट्टी तक संकुचित है। इसके छोटे निक्षेप, गाँव नेगड़िया (राजसमंद), छोटी-सर, बड़ी-सर (उदयपुर) के पास भी स्थित हैं।
धात्विक खनिज की पहचान करें।

(A) टंगस्टन
(B) मैंगनीज
(C) सोना
(D) लोहा

Q123 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान में ग्रामीण जनसंख्या का प्रतिशत लगभग कितना है?

(A) 51.87
(B) 48.13
(C) 75.10
(D) 66.11

Q124 राजस्थान के संदर्भ में कौन-सा विकल्प सही सुमेलित है?

(A) सबसे अधिक जनसंख्या वाला जिला - उदयपुर
(B) सबसे कम जनसँख्या वाला जिला - जयपुर
(C) सबसे कम साक्षरता दर वाला जिला - जालौर
(D) सबसे अधिक साक्षरता दर वाला जिला - जयपुर

Q125 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(A) अनुसूचित जनजाति जनसंख्या- कुल जनसंख्या का 13.5% है
(B) कुल घरेलू उद्योग के श्रमिक- कुल श्रमिकों के प्रतिशत का 16.5% है
(C) कुल कृषि मजदूर- कुल श्रमिकों के प्रतिशत का 45.6% है
(D) कुल कृषक- कुल श्रमिकों के प्रतिशत का 2.4% है

Q126 राजस्थान राज्य की चौथी औद्योगिक नीति किस वर्ष बनी जिसने राजस्थान को उद्योगों के लिए सबसे पसंदीदा स्थान बना दिया?

(A) 1994
(B) 1998
(C) 1980
(D) 2019

Q127 ग्यारहवीं योजना अवधि (2007-2012) के दौरान निम्नलिखित में से कौन-सा मार्गदर्शक कारक था?

(A) रोजगार के अवसर पैदा करना
(B) अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना
(C) सुशासन और राजकोषीय सुधार सुनिश्चित करना और आर्थिक बुनियादी ढांचे का निर्माण करना
(D) गरीबी और क्षेत्रीय विषमताओं में सारभूत कमी करना

GRAWAL MCART BL

Q128 राजस्थान में जल संसाधन विभाग में सतही जल की उपलब्धता के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही सुमेलित है?

(A) प्रमुख टैंक -3331
(B) मध्यम टैंक -24
(C) लघु टैंक - 84
(D) जल संचयन संरचना- 74271

Q129 राजस्थान राज्य औद्योगिक और निवेश निगम (रीको) ने कृषि आधारित उद्योगों के विकास के लिए चार कृषि खाद्य उद्यान विकसित किए हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा उनमें से एक नहीं है?

(A) कोटा
(B) श्रीगंगानगर
(C) अलवर
(D) जयपुर

Q130 सहयोग योजना के तहत बी.पी.एल. (BPL) परिवारों की लड़कियों के विवाह पर दो लड़कियों तक को सहायता प्रदान की जाती है। इसमें सहायता राशि कितनी थी?

(A) ₹10,000
(B) ₹20,000
(C) ₹12,000
(D) ₹15,000

Q131 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान में अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या ______ थी।

(A) राज्य की कुल जनसंख्या का लगभग 13.47%
(B) राज्य की कुल जनसंख्या का लगभग 15.2%
(C) राज्य की कुल जनसंख्या का लगभग 16.6%
(D) राज्य की कुल जनसंख्या का लगभग 12.44%

Q132 स्वयं सिद्ध योजना किसके लिए है?

(A) अनाथ बच्चियों की सुरक्षा के लिए
(B) बेघर वृद्धों के लिए
(C) संकटग्रस्त महिलाओं के आश्रय और पुनर्वास के लिए
(D) शारीरिक रूप से अक्षम बच्चों के लिए

Q133 30 मार्च 1949 को जयपुर में राजस्थान संघ का उद्घाटन किसने किया था?

(A) डॉ. राजेंद्र प्रसाद
(B) पंडित जवाहरलाल नेहरू
(C) इंदिरा गांधी
(D) सरदार वल्लभभाई पटेल

Q134 निम्नलिखित विकल्पों में 1949 में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और राज्य में से कौन-सा विकल्प सही सुमेलित है?

(A) न्यायमूर्ति आनंद नारायण कौल - कोटा
(B) न्यायमूर्ति के.के. शर्मा - भरतपुर
(C) न्यायमूर्ति त्रिलोचन दत्त - अलवर
(D) न्यायमूर्ति क्षेमचंद गुप्ता - बीकानेर

Q135 राजस्थान विधान सभा के विपक्ष के नेता श्री गुलाब चंद कटारिया के बारे में इनमें से कौन-सा कथन सही है?

(A) वे 1987-1990 तक राजस्थान के जनता युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष और महासचिव रहे हैं

(B) वे 2014 से 2018 तक राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे हैं

(C) वे 1989 से 1991 तक 9वीं लोकसभा के सदस्य रहे हैं

(D) वे 08/12/2003 से 30/05/2004 तक राजस्थान विधान सभा में विपक्ष के नेता रहे हैं

Q136 राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष कौन हैं?

(A) न्यायमूर्ति बोबडे

(B) न्यायमूर्ति एन.वी. रमण

(C) न्यायमूर्ति गोपाल कृष्ण व्यास

(D) न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित

Q137 राज्य निर्वाचन आयोग (एस.ई.सी.), राजस्थान पंचायती राज संस्थानों (पी.आर.आई) के चुनाव आयोजित करता है। इन चुनावों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही सुमेलित है?

(A) पहला चुनाव: 1965

(B) दूसरा चुनाव: 1970

(C) तीसरा चुनाव: 1978

(D) चौथा चुनाव: 1988

Q138 अंबर/आमेर पैलेस, राजस्थान के ________ जिले में स्थित है।

(A) प्रतापगढ़

(B) जालौर

(C) जयपुर

(D) उदयपुर

Q139 विशालकाय तारागढ़ किले की जमीनी स्तर से ऊंचाई कितनी है?

(A) लगभग 1300 फीट

(B) लगभग 1400 फीट

(C) लगभग 1500 फीट

(D) लगभग 1200 फीट

Q140 निम्नलिखित में से राजस्थान का जल किला कौन सा है?

(A) कुम्भलगढ़ किला

(B) जैसलमेर किला

(C) गागरौन किला

(D) चित्तौड़ किला

Q141 निम्नलिखित में से सही मिलान का चयन करें।

(A) गलताजी मंदिर - अजमेर जिला

(B) सालासर बालाजी मंदिर - चुरू जिला

(C) एकलिंगजी मंदिर - जयपुर जिला

(D) मेहंदीपुर बालाजी मंदिर - बूंदी

Q142 ब्लू पॉटरी किसका एक पारंपरिक शिल्प है?

(A) जयपुर

(B) कोटा

(C) जैसलमेर

(D) उदयपुर

Q143 कहानी कहने की वह कौन सी मौखिक परंपरा है जो राजस्थान में अभी भी अस्तित्व में है, जहां महाकाव्य महाभारत और रामायण की कहानियों के साथ पुराणों की कहानियों, जाति वंशावली और लोक परंपरा की कहानियों को बताया जाता है।
(A) कावड़ संवाद
(B) कावड़ बंचना (वाचन)
(C) संवाद बंचना (वाचन)
(D) काव्य संचना

Q144 निम्नलिखित में से कौन-सी कपड़े के विभिन्न टुकड़ों से सुंदर और सजावटी वस्तुएँ बनाने की प्राचीन तकनीक है?
(A) आरी (Aari)
(B) ऐप्लीक (Applique)
(C) जरदोजी (Zardozi)
(D) कचो (Kacho)

Q145 ______राजस्थान के भीलों के बीच मनाया जाने वाला मुख्य त्योहार है।
(A) गणगौर उत्सव
(B) उर्स मेला
(C) बनेश्वर मेला
(D) नवरात्रि

Q146 'यह लोकगीत शैली है जो स्थानीय डाकुओं की दास्तां बयां करती है। यह नृत्य सबसे पहले राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में किया गया था और इसे धोती कुर्ता और पगड़ी पहने पुरुषों द्वारा किया गया था। कलाकार कठपुतली घोड़े के अंदर बैठते हैं और विवाह और अन्य सार्वजनिक समारोहों में नृत्य करते हैं। इस नृत्य को ____ कहा जाता है।
(A) गेर
(B) कालबेलिया
(C) भवाई
(D) कच्छी घोड़ी

Q147 निम्नलिखित में से कौन, राजस्थान के संत नहीं हैं?
(A) संत पीपाजी
(B) संत चरण दास
(C) संत बसवेश्वर
(D) संत मावाजी

Q148 यह इंडो-आर्यन भाषा परिवार की एक राजस्थानी भाषा है और राजस्थान के चुरू, झुंझुनू और सीकर जिलों में लगभग 30 लाख लोगों द्वारा बोली जाती है।
भाषा का नाम बताइए।
(A) मारवाड़ी
(B) हरौती
(C) धुंधारी
(D) शेखावाटी

Q149 "कंत घरे किम आविया, तेहां रौ घण त्रास।
लहँगे मूझ लुकीजियै, बैरी रौ न विसास॥"
उपरोक्त दोहा ____ द्वारा लिखा गया था।
(A) जोधराज
(B) सूर्यमल मिश्रण
(C) चंद बरदाई
(D) दलपत विजय

Q150 8 फरवरी 2021 को शुरू हुए भारत-अमेरिका संयुक्त सैन्य अभ्यास 'युद्ध अभ्यास' के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?
(A) यह संयुक्त अभ्यास का 16वां संस्करण था।
(B) समापन समारोह महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में आयोजित किया गया।
(C) अभ्यास तीन चरणों में आयोजित किया गया था।
(D) अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के जनादेश के तहत आतंकवाद विरोधी अभियानों पर ध्यान केंद्रित करना था।

# रफ कार्य

GRAWAL
MCART BL